# पेपर लीक पर सदन में पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

**नई दिल्ली, 28 जुलाई. लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली.**

भाजपा सांसदों ने विधेयक को परीक्षा माफिया पर निर्णायक प्रहार बताते हुए कहा कि इससे युवाओं के भविष्य की सुरक्षा होगी, जांच एजेंसियों को मजबूती मिलेगी और फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए दोषियों को जल्द सजा मिलेगी. वहीं विपक्ष ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में विफल रहने, छात्रों के आंदोलनों पर बल प्रयोग करने और गंभीर मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया. विपक्षी नेताओं ने छात्र हितों, पुलिस कार्रवाई और सरकार की जवाबदेही को लेकर कई सवाल उठाए, जबकि सरकार ने विपक्ष पर चर्चा से बचने और सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया. परीक्षा प्रणाली, छात्रों के भविष्य और शिक्षा सुधार को लेकर सदन में सत्ता और विपक्ष आमने-सामने नजर आए.



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संसद में विपक्ष पर तीखा हमला बोला है, जिसमें उन्होंने विपक्ष पर नीट पेपर लीक और पब्लिक एग्जामिनेशन बिल पर चर्चा से भागने तथा जानबूझकर सदन की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया है.



भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने विपक्ष पर सेलेक्टिव आउटरेक' दिखाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि परीक्षा माफिया एक क्रिमिनल नेटवर्क बन चुका है, और यह कड़ा कानून लाना पीएम मोदी की संवेदनशीलता का प्रमाण है.



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्य ने कहा कि छात्रों को राजनीति नहीं बल्कि समाधान चाहिए. युवाओं को इस बात से मतलब नहीं है कि अतीत में किस सरकार के तहत क्या हुआ, उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता है कि भविष्य के लिए परीक्षा व्यवस्था कैसे सुधरेगी.



कांग्रेस सांसद क.सी. वेणुगोपाल ने आज संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की अनुपस्थिति पर सवाल उठाए और कहा कि इतने महत्वपूर्ण बिल पर चर्चा से पहले उन्होंने कहा कि इतने अहम बिल पर चर्चा हो रही है, लेकिन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों सदन में मौजूद नहीं हैं.



गौरव गोगोई विपक्ष की तरफ से चर्चा की शुरुआत करते हुए सरकार से सवाल किया कि छात्रों के प्रदर्शन पर पेलेट गन और बल प्रयोग का आदेश किसने दिया था. उन्होंने इस नए बिल को महज एक शोपीस' करार दिया. नए विधेयक को 'दिखावा' बताया, प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर तीखे सवाल किए.



एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि जंतर-मंतर पर मौजूद मां की पीड़ा को समझना चाहिए. यह राजनीति नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य का मुद्दा है. सुले ने जंतर-मंतर लाठीचार्ज की एसआईटी जांच की मांग की. उन्होंने कहा कि हर मुद्दे को पाकिस्तान या चीन से जोड़ना बंद होना चाहिए.

### पीएम नरेंद्र मोदी छात्रों से सीधे जुड़े हुए हैं-अनुराग

भाजपा के अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छात्रों से सीधे जुड़े हुए हैं. उन्होंने छात्र आंदोलन को लेकर वीडियो पोस्ट किया तो उसके करोड़ों लोगों ने देखा और दूसरा वीडियो डाला तो दोनों वीडियो को 21 करोड़ से ज्यादा लोगों ने देखा है. यह श्री मोदी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा प्रमाण है. विपक्ष ने लोकप्रियता शब्द पर टोकाटोकी की तो उन्होंने कहा कि यदि श्री मोदी लोकप्रिय नहीं होते तो वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नहीं बनते.

# पीओके में चुनावी प्रक्रिया दिखावा : एमईए

## पाकिस्तान पर विदेश मंत्रालय का सख्त संदेश

**नई दिल्ली, 28 जुलाई.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह कई दशकों से भारत के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है.**

उन्होंने कहा कि भारत के नागरिकों और विशेष रूप से युवा पीढ़ी ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के पूर्ण खात्मे की स्पष्ट मांग की है और सरकार का रुख भी इसी दिशा में पूरी तरह स्पष्ट है. रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगा. उन्होंने दोहराया कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवादी गतिविधियों और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता, तब तक दोनों देशों के बीच सामान्य द्विपक्षीय संबंध बहाल होने की कोई संभावना नहीं है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में द्विपक्षीय समझौतों और व्यवस्थाओं को सामान्य स्थिति में लाने का भी प्रश्न नहीं उठता. विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की स्थिति पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की. उन्होंने बताया कि हाल के घटनाक्रमों में 20 लोगों की मौत हुई है, जो वहां के प्रशासनिक और सुरक्षा हालात पर गंभीर सवाल खड़े करती है.



प्रवक्ता ने कहा कि वहां कराई जा रही चुनावी प्रक्रिया केवल दिखावा है और इससे वहां के लोगों की वास्तविक लोकतांत्रिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं होता. उन्होंने कहा कि भारत का स्पष्ट और लगातार रुख है कि पूरा जम्मू-कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग है. रणधीर जायसवाल ने पीओके में बिगड़ते हालात का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है.

# राजस्थान में मां और दो बच्चों की डूबने से मौत, मातम का माहौल

**उदयपुर, 28 जुलाई. राजस्थान के बालोतरा जिले के पचपदरा थाना क्षेत्र स्थित दूदवा गांव में सोमवार देर रात हुई एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया.**

एक महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ पानी की टंकी में छलांग लगा दी, जिससे तीनों की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई. मंगलवार सुबह जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली तो गांव में अफरा-तफरी मच गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पचपदरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. स्थानीय लोगों की सहायता से महिला और दोनों बच्चों के शवों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया. इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करते हुए शवों को आगे की प्रक्रिया के लिए भेज दिया. घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.


तीनों की मौत पानी में डूबने से हुई है. हालांकि महिला ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका अभी तक आधिकारिक रूप से खुलासा नहीं हुआ है.

# पत्नी की हत्या कर पति ने भी जान देने की कोशिश

**भुवनेश्वर.** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में पति-पत्नी के विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया. पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या कर दी और इसके बाद स्वयं भी जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया. आरोपी की जान बच गई और वह फिलहाल अस्पताल में उपचाराधीन है. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे विधिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया जाएगा. दंपती की शादी वर्ष 2019 में हुई थी. हालांकि आपसी मतभेद के कारण दोनों पिछले लगभग दो वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे.

# व्हाइट हाउस में ट्रम्प की मेगा कूटनीति

**वॉशिंगटन, 28 जुलाई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प मंगलवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अलग-अलग उच्चस्तरीय बैठक करेंगे.**



अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से इन बैठकों को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दोनों नेताओं के सामने अपने-अपने क्षेत्र की गंभीर सुरक्षा चुनौतियां हैं और अमेरिका की भूमिका दोनों मामलों में निर्णायक मानी जाती है. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की रूस के खिलाफ जारी युद्ध में अमेरिका से अतिरिक्त सैन्य सहायता की उम्मीद लेकर वॉशिंगटन पहुंचे हैं. माना जा रहा है कि वे लंबी दूरी की मिसाइलों, आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली, गोला-बारूद और अन्य रक्षा उपकरणों की मांग रखेंगे. रूस के लगातार हमलों के बीच यूक्रेन अपने रक्षा तंत्र को और मजबूत करना चाहता है ताकि युद्ध में अपनी स्थिति बेहतर कर सके. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ऐसे समय अमेरिका पहुंचे हैं, जब गाजा में संघर्ष और ईरान के साथ बढ़ते तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय लगातार चिंता जता रहा है.

# भारत से रिश्ते सुधरने की दिशा में नेपाल

**काठमांडू, 28 जुलाई, नेपाल के नए राजनीतिक नेतृत्व ने भारत के साथ संबंधों को अधिक व्यावहारिक, संतुलित और भविष्य उन्मुख बनाने के संकेत दिए हैं.**

आर्थिक विकास, निवेश, व्यापार, ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय संपर्क को प्राथमिकता देते हुए नेपाल अब भारत के साथ अपने संबंधों को नई मजबूती देने की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है. इसे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है. भारत और नेपाल के संबंध केवल पड़ोसी देशों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक संबंध भी हैं. खुली सीमा व्यवस्था, लोगों का सहज आवागमन, व्यापारिक संपर्क और साझा विरासत दोनों देशों को स्वाभाविक साझेदार बनाती है. नेपाल की आर्थिक प्रगति में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण रही है. सड़क, रेल, ऊर्जा, पेट्रोलियम पाइपलाइन, सीमा संपर्क, विद्युत व्यापार और आधारभूत संरचना से जुड़ी कई परियोजनाएं दोनों देशों के सहयोग का उदाहरण हैं.

# धनबाद में 25 जगहों पर ईडी की छापेमारी



**रांची, 28 जुलाई. झारखंड के धनबाद में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने मंगलवार को बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए 25 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की. इस कार्रवाई से पूरे जिले में हलचल मच गई.**

जिन प्रमुख स्थानों पर ईडी की टीम पहुंची, उनमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हरेंद्र चौहान का आवास भी शामिल है. सुबह शुरू हुई कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही और अधिकारियों ने दस्तावेजों सहित विभिन्न अभिलेखों की गहन जांच की. हरेंद्र चौहान के घर पर ईडी की टीम के पहुंचते ही बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हो गईं और उन्होंने कार्रवाई का विरोध करते हुए हंगामा किया. कुछ समय के लिए मौके पर तनाव की स्थिति भी बनी रही. हालांकि सुरक्षा बलों की मौजूदगी में ईडी अधिकारियों ने अपनी जांच बिना किसी बाधा के जारी रखी.

हरेंद्र चौहान के आवास पर चार घंटे से अधिक समय तक जांच की गई. इस दौरान अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अन्य रिकॉर्ड की पड़ताल की. वहीं धनबाद के अन्य 24 स्थानों पर भी ईडी की अलग-अलग टीमें एक साथ कार्रवाई करती रहीं. सभी स्थानों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए ताकि जांच प्रभावित न हो. ईडी ने इस कार्रवाई के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है. इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि छापेमारी किस विशेष मामले की जांच के सिलसिले में की जा रही है और अब तक क्या-क्या बरामद हुआ है. जांच पूरी होने के बाद विस्तृत जानकारी साझा किए जाने की संभावना है.

# पंजाब यूनिवर्सिटी में करंट से पीएचडी छात्रा की मौत

**चंडीगढ़, 28 जुलाई। पंजाब यूनिवर्सिटी के दक्षिण परिसर में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय पीएचडी स्कॉलर ज्योति की कथित रूप से बिजली का करंट लगने से मौत हो गई.**

रातभर हुई बारिश के बाद परिसर में कई स्थानों पर जलभराव हो गया था. इसी दौरान पानी से भरे रास्ते से गुजरते समय छात्रा करंट की चपेट में आ गई. उनका शव बाद में सड़क किनारे एक बिजली के खंभे के पास मिला. घटना की जानकारी मिलते ही परिसर में अफरा-तफरी मच गई. छात्र और विश्वविद्यालय के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, जबकि पुलिस को भी तुरंत सूचना दी गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की और मामले की जांच आरंभ कर दी. प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि करंट किस कारण फैला और सुरक्षा व्यवस्था में कहीं कोई चूक तो नहीं हुई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सहित कई छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि परिसर में जल निकासी और विद्युत सुरक्षा व्यवस्था लंबे समय से खराब स्थिति में है.

# एनसीपी के दोनों गुट साथ नहीं आएंगे : शरद पवार

**मुंबई, 28 जुलाई. महाराष्ट्र की राजनीति में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के संभावित विलय और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने की चर्चाओं के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( शरद पवार गुट ) के प्रमुख शरद पवार ने बड़ा बयान दिया है.**



उन्होंने मंगलवार को स्पष्ट कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों के फिर से एक साथ आने का कोई सवाल ही नहीं है. उनके इस बयान के साथ ही पिछले कुछ दिनों से चल रही राजनीतिक अटकलों पर विराम लग गया है. सोमवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले और सांसद बजरंग सोनवणे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी. यह मुलाकात सुप्रिया सुले की बेटी के विवाह समारोह के स्वागत कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए थी. हालांकि इस मुलाकात के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई थी कि शरद पवार गुट भारतीय जनता

# उप्र में 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 15 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं. मंगलवार को जारी इस सूची में कई वरिष्ठ अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. तबादला सूची में तरुण गाबा, अनूप कुमार सिंह और जोगेन्द्र कुमार सहित कई महत्वपूर्ण अधिकारियों के नाम शामिल हैं. शासन के इस फैसले को राज्य की कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा प्रशासनिक कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा लाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.

## एक नजर में

### यमुना में डूबे 4 दोस्त 2 के शव बरामद, 2 लापता

**नई दिल्ली, 28 जुलाई.** राजधानी दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में सोमवार शाम यमुना नदी में नहाने गए चार दोस्त तेज बहाव की चपेट में आ गए. अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि दो अन्य अब भी लापता हैं. मंगलवार सुबह करीब दस बजे राजन (32) का शव नदी से बाहर निकाला गया, जबकि सोनू (35) का शव सोमवार देर शाम करीब आठ बजे स्थानीय गोताखोरों की मदद से निकाल लिया गया था. घटना में लापता दो अन्य दोस्तों हेमंत (27) और सचिन (35) की तलाश के लिए जारी अभियान को खराब मौसम और बारिश के कारण फिलहाल स्थगित कर दिया गया है. जीरो पुश्ता रोड स्थित मदीना मस्जिद के पास जैसे ही वे नदी में उतरे, कथित तौर पर पानी के तेज बहाव में बह गए.

### देसी कट्टे के साथ प. बंगाल का युवक गिरफ्तार

**पंचकूला.** हरियाणा पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी ने मंगलवार को पूछताछ में खुलासा किया कि उसने यह हथियार पांच हजार रुपये में खरीदा था. अब पुलिस हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है. हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान फिरदौस आलम (41) के रूप में हुई है. वह पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का रहने वाला है और फिलहाल मोहाली में रह रहा है. प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा, सेक्टर-19 को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सेक्टर-15 के खुले मैदान में अवैध हथियार लेकर घूम रहा है. सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर प्रवीण मलिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी कर आरोपी को दबोच लिया.

## हस्तियों के ट्वीट



उद्योगपति नवीन जिंदल ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए युवा वकील कौरवाकी एम.के. को उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि गर्व से भरे माता-पिता और इस होनहार युवा वकील को हार्दिक बधाई. नवीन जिंदल ने कहा कि हमारे ग्रेजुएट्स की ऊर्जा, प्रतिभा और समर्पण को देखकर भविष्य के प्रति उनका विश्वास और मजबूत होता है.



इटली प्रधान मंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने हाल ही सोशल मिडिया एक्स एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि अंतर्राष्ट्रीय तनाव एक बार फिर ईंधन की कीमतों को बढ़ा रहा है, और इसके साथ ही सड़क मार्ग से यात्रा करने वाली हर चीज़ की लागत भी बढ़ रही है .इस मूल्य वृद्धि का सामना करते हुए, जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं लेकिन जिसका समाधान करना हमारा कर्तव्य है, हमने तत्काल कार्रवाई करने का निर्णय लिया है.

# तकनीकी वस्त्रों पर 56 नए पाठ्यक्रम शुरू

## शैक्षणिक संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम होंगे अनिवार्य

**नई दिल्ली, 28 जुलाई। सरकार ने मंगलवार को राज्य सभा में बताया कि भारत में तकनीकी वस्त्र शिक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने हेतु सामान्य दिशानिर्देश जारी किये गये हैं जो निजी एवं सार्वजनिक संस्थानों के लिए लागू किए जा रहे हैं.**



इनके अनुसार अब तक 56 पाठ्यक्रम शुरू हो चुके हैं. वस्त्र मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत जारी इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य देश भर के आधिकारिक शैक्षणिक संस्थानों को तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रमों एवं विषय-पत्रों के संचालन के लिए प्रोत्साहित करना और सक्षम बनाना है.यह जानकारी केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी. उन्होंने कहा कि इन दिशा निर्देशों के अंतर्गत स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर तकनीकी वस्त्रों से संबंधित कुल 59 पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं. इसके अतिरिक्त, देशभर के विभिन्न तकनीकी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त 47 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से प्रयोगशाला उपकरणों के उन्नयन तथा संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा. इन पहलों के लिए कुल 216.60 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है. उन्होंने कहा कि यह योजना पूरे देश में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के पात्र शिक्षण संस्थानों के लिए खुली है.

# तटरक्षक बल में भर्ती नियमों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, 28 जुलाई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए दो महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों की शुरुआत करते हुए भर्ती व्यवस्था में लैंगिक समानता और सेवा लाभों से जुड़ी प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है.**



नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन-2 में आयोजित कार्यक्रम में इन सुधारों का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. पहले सुधार के तहत भारतीय तटरक्षक बल में अधिकारियों की भर्ती के लिए लैंगिक-तटस्थ व्यवस्था लागू की गई है. अब महिला अभ्यर्थियों को पुरुष अभ्यर्थियों के समान शॉर्ट सर्विस नियुक्ति और स्थायी नियुक्ति दोनों में आवेदन और चयन का अवसर मिलेगा. साथ ही पुरुष अभ्यर्थियों के लिए भी शॉर्ट सर्विस नियुक्ति का प्रावधान किया गया है. इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रारंभिक प्रशिक्षण से लेकर पूरे सेवा जीवन तक सभी अधिकारियों को समान अवसर उपलब्ध कराना है. वर्तमान में स्थायी नियुक्ति पर कार्यरत महिला अधिकारियों को निर्धारित पात्रता पूरी करने पर उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा. वहीं शॉर्ट सर्विस नियुक्ति पर कार्यरत महिला अधिकारियों को भी पात्रता पूरी होने पर अपनी सेवा को स्थायी नियुक्ति में परिवर्तित कराने का अवसर मिलेगा. इससे तटरक्षक बल में महिलाओं के लिए दीर्घकालिक कैरियर की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी. इससे अनुग्रह राशि और सेवा समाप्ति से जुड़े अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान पहले की तुलना में अधिक तेजी से किया जा सकेगा. सरकार का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में परिवारों को प्रशासनिक देरी से राहत देना और समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है.

## आज का इतिहास

1567 : तेरह महीने की उम्र में जेम्स VI का स्कॉटलैंड के राजा के रूप में राज्याभिषेक किया गया.

1748 : ईस्ट इंडिया कंपनी की सहायता के लिये ब्रिटिश सेना की पहली सैन्य टुकड़ी भारत पहुंची.

1876 : साइंस असोसिएशन की स्थापना.

1883 : इटली के फासीवादी आंदोलनकारी राजनेता बेनिटो मुसोलिनी का जन्म.

1891 : महान समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर का कोलकाता में निधन.

1904 : भारत के महान उद्योगपति जे.आर.डी. टाटा का जन्म पेरिस में हुआ.

1911 :मोहन बगान ने पहली बार आईएफ शील्ड जीती.

1921 :हिटलर ने नेशनल सोशलिस्ट जर्मन वर्कर्स (नाजी) पार्टी का नेतृत्व संभाला.

# दिल्ली में 'नवभारत का न्याय दर्शन' का भव्य विमोचन

## हिंदी भवन में गूंजा नए न्याय कानूनों का विमर्श



नई दिल्ली, 28 जुलाई. नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन में भारतीय न्याय व्यवस्था के नए युग को समर्पित पुस्तक 'नवभारत का न्याय दर्शन' का भव्य विमोचन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, पद्म भूषण एवं पद्मश्री से सम्मानित पत्रकार तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष राम बहादुर राय, पाञ्चजन्य के संपादक हितेश शंकर, कमल संदेश के संपादक शिवशक्ति बख्शी तथा दीप कमल के संपादक एवं मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने संयुक्त रूप से पुस्तक का विमोचन किया. यह पुस्तक भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर आधारित है, जो 1 जुलाई 2024 से पूरे देश में लागू हैं. इन कानूनों ने क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लिया है. पुस्तक में इन नए कानूनों के प्रावधानों, उद्देश्यों और व्यावहारिक पहलुओं को सरल एवं सहज भाषा में विस्तार से समझाया गया है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. राजभूषण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने औपनिवेशिक कानूनों से आगे बढ़ते हुए भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप नई न्याय व्यवस्था को अपनाया है. उन्होंने कहा कि यह पुस्तक नए कानूनों को समझने के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका साबित होगी और विधि के विद्यार्थियों, अधिवक्ताओं, शोधकर्ताओं तथा आम नागरिकों के लिए समान रूप से लाभकारी होगी. पुस्तक की प्रस्तावना लिखने वाले राम बहादुर राय ने कहा कि इसमें प्राचीन भारतीय न्याय परंपरा से लेकर आधुनिक न्याय व्यवस्था तक की यात्रा का रोचक और गंभीर विश्लेषण किया गया है.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, खंडवा (म.प्र.)

(स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग)

क्रमांक / स्वठोअप्रवि. / ई-टेण्डरिंग2026 / 256 — खण्डवा, दिनांक 24/07/2026

**निविदा विज्ञप्ति**

नगर पालिक निगम खंडवा वित्तीय वर्ष 2026-2027 तक के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य की निविदा का विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | सम्रग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UADD _524208_1 | Offers inviting Sterilization & immunization of stray dogs in kmc under animal birth control programme | 21.00 (इक्कीस लाख रूपये मात्र) | 21000/- | 5000/- | अनुबंध दिनांक से आगामी एक वर्ष के लिए |

1. निविदा ऑनलाईन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 10/08/ 2026 (शाम 5.30 बजे तक)
2. निविदा खोलने की दिनांक 12/08/ 2026 प्रातः 10.30 बजे तक

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http//www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो यह समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी
नगर पालिक निगम खंडवा